पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शनिवार, 13 नवंबर 2021





आईसलैन्ड दूतावास का प्रतिनिधि मण्डल ऊर्जा मंत्री डॉ हरक सिंह रावत से मिलते हुए।

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण पर काम कर रही भाजपा सरकारः सीएम

**संवाददाता** देहरादून/पिथौरागढ़। तीन दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पिथौरागढ़ पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाजपा सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण पर काम कर रही है। आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। पिथौरागढ़ शहर को जल्द स्मार्ट सिटी कांसैप्ट में शामिल किया जाएगा। पिथौरागढ़ से शीघ्र नियमित हवाई सेवा शुरू की जाएगी। प्रदेश में 24 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया बहुत तेजी से चल रही है। अधिकारियों को जनसमस्याओं को किसी भी सूरत में लंबित नहीं रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### बारिश से 12 सौ हेक्टेयर में खड़ी फसल को नुकसान

**संवाददाता** देहरादून। बीते 17–18 अक्टूबर को भारी बारिश से देहरादून जिले में करीब 12 हेक्टेयर की खड़ी फसलों को कफी नुकसान पहुंचा है। जिला कृषि विभाग ने सर्वे के बाद रायपुर और डोइवाला ब्लाक में बारिश से हुए नुकसान की रिपोर्ट को जिला प्रशासन को भेज दिया है। मुख्य कृषि अधिकारी देहरादून लतिका सिंह ने बताया कि पिछले सप्ताह भारी बारिश से कृषि फसलों को हुई क्षति का आंकलन के लिए दून जिले के बड़े कृषि क्षेत्र सहसपुर और डोईवाला का सर्वे किया गया।

### राज्य स्वराज पार्टी समेत सात संगठन का महागठबंधन

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर मजबूती से चुनाव लडने के लिए राज्य स्वराज पार्टी और उत्तराखंड क्रांति दल डेमोक्रेटिक समेत सात संगठनों ने महागठबंधन तैयार किया है। मिस्ड काल के माध्यम से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। शुक्रवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता के दौरान राज्य स्वराज पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष देवेश्वर भट्ट ने कहा कि राज्य बनने के बाद से राजनीतिक दलों ने जनता की समस्याओं को अनदेखा किया है।

### एचडीएफसी बैंक भारत सरकार के ई–एनएएम के साथ एकीकृत

**संवाददाता** देहरादून। एचडीएफसी बैंक, भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक ने आज भारत सरकार के राष्ट्रीय कृषि बाजार नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट के साथ एकीकरण की घोषणा की, ताकि विभिन्न ई–एनएएम लाभार्थियों को डिजिटल कलेक्शन और फंड्स की सेटलमेंट (निपटान) किया जा सके। ई–एनएएम, एक ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म है जो किसानों, व्यापारियों, एफपीओ और अन्य हितधारकों के लिए कृषि वस्तुओं के ऑनलाइन लेनदेन की सुविधा प्रदान करता है।

# उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाना हैः मुख्यमंत्री

**लोकार्पण**

■ सीएम ने घंटाकर्ण मंदिर पहुंचकर घण्डियाल देवता के दर्शन व पूजा अर्चना की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा नरेंद्रनगर क्षेत्रांतर्गत स्थित घंटाकर्ण मंदिर पहुंचकर घण्डियाल देवता के दर्शन व पूजा अर्चना की। इसके उपरांत मुख्यमंत्री, माता मंगला जी व भोले जी महाराज की उपस्थिति में घंटाकर्ण धाम में ठाकुर भगत सिंह सजवाण की मूर्ति स्थल का भूमि पूजन भी किया।



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16 लाख 50 हजार की लागत से बनी घंटाकर्ण पम्पिंग योजना, 10 लाख की लागत से बने विश्राम गृह, 7 लाख 50 हजार की लागत से बने रैन शेल्टर, बेंचेज व साइनेज का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि घंटाकर्ण मंदिर के लिए 4.5 किमी० मोटर मार्ग का निर्माण किया जायेगा। तिमली–खनेटी मोटर मार्ग के द्वितीय चरण का निर्माण कार्य किया जायेगा। कौडियाला–बडीर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य किया जायेगा। तैला– अखोडीसेरा मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण किया जायेगा। शिवपुरी–धौड़ागल्ला मोटर मार्ग का डामरीकरण कार्य किया जायेगा। हिन्डोला–मुडाला मोटर मार्ग का द्वितीय चरण का निर्माण किया जायेगा। बांसकाटल मोटर मार्ग का द्वितीय चरण का निर्माण कार्य किया जायेगा। भांग्ला मोटर मार्ग का द्वितीय चरण का निर्माण कार्य किया जायेगा। गजा पसरखेत से पसरडांडा मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जायेगा। घिघुड मोटर मार्ग का द्वितीय चरण का निर्माण कार्य किया जायेगा। गजा में पर्किंग का निर्माण किया जायेगा। आई0टी0आई रणाकोट के अवशेष भवन का निर्माण किया जायेगा। गजा पसरखेत से गौताचली मोटर मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण कार्य किया जायेगा। बमणगांव–थन्यूल मोटर मार्ग का डामीरकरण किया जायेगा। सिलकणी से पजैगांव जूनियर हाई स्कूल तक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य किया जायेगा। नरेन्द्रनगर विधानसभा क्षेत्र के मुनिकीरेती में चन्द्रभागा नदी के बांये तट पर ढालवाला बन्धे में फेन्सिंग निर्माण कार्य किया जायेगा। बेमुण्डा– पिपलेथ मोटर मार्ग का डामरीकरण किया जायेगा। रा० इ. कालेज नैचोली में भवन निर्माण कार्य किया जायेगा। घनसाली में शिव शक्ति ढोल संस्कृति संगीत महाविद्यालय की स्थापना की जायेगी। गजा में निर्माणाधीन माली ट्रेनिंग सेंटर का नाम शहीद सैनिक विक्रम सिंह नेगी के नाम से रखा जायेगा। राजकीय इंटर कॉलेज जाजल का नाम शहीद सैनिक अजय सिंह रौतेला के नाम पर तथा राजकीय इंटर कॉलेज गजा का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नारायण सिंह चौहान के नाम पर रखा जायेगा।

इस अवसर पर माता मंगला ने घंटाकर्ण धाम में धर्मशाला हेतु हंस फाउण्डेशन के माध्यम से 25 लाख रुपए की सहायता प्रदान करने की बात कही।

### प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने का कार्य कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाना है, इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि देहरादून से टिहरी के बीच 8 हजार करोड़ की लागत से बनने वाली सुरंग के निर्माण की केन्द्र सरकार से सैद्धांतिक स्वीकृति मिल चुकी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनपद व प्रदेश की सुख और समृद्धि के लिए घण्डियाल देवता से प्रार्थना की।

इस अवसर पर कृषि मंत्री सुबोध उनियाल, विधायक देवप्रयाग श्री विनोद कंडारी, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती सोना सजवाण, जिलाधिकारी श्रीमती इवा आशीष श्रीवास्तव, एसएसपी सुश्री तृप्ति भट्ट, राज्य बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष दिनेश डोभाल, पूर्व विधायक ओम गोपाल रावत, प्रमुख विकासखण्ड चम्बा सुश्री शिवानी बिष्ट, प्रमुख नरेंद्रनगर राजेन्द्र भंडारी, घंटाकर्ण धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष विजय प्रकाश बिजल्वाण आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड अग्रणी राज्यों में शामिल

**भेंट**

■ सीएम से आइसलैंण्ड के उच्चायुक्त महामहिम गुडनी ब्रैगसन ने भेंट की

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में आइसलैण्ड के उच्चायुक्त महामहिम गुडनी ब्रैगसन ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं आइसलैण्ड के उच्चायुक्त के बीच राज्य के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई है। जिसमें दोनों पक्षों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और सांस्कृतिक प्रचार, शिक्षा, पर्यटन, फिशरीज, ग्रीन एनर्जी के रूप में भूतापीय ऊर्जा एवं अन्य संभावनाओं पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्यटन एवं तीर्थाटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। इस दिशा में राज्य सरकार का विशेष फोकस है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्तराखण्ड अग्रणी राज्यों में शामिल है। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है। राज्य में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए ''एक जनपद दो उत्पाद'' योजना चलाई जा रही है। आइसलैण्ड के उच्चायुक्त महामहिम गुडनी ब्रैगसन ने पर्यटन, शिक्षा, स्वरोजगार, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की सरहाना की।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डेय, इंडो आइसलैंडिक बिजनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रसून दीवान, डिप्टी चीफ मिशन सिगथोर, श्रीमती दीप्ति रावत, सचिव अमित नेगी, दिलीप जावलकर, एमडी सिडकुल रोहित मीणा आदि उपस्थित थे।

### शनिवार और रविवार, 13-14 नवम्बर मतदान केंद्रों पर विशेष कैम्प का आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में 1 से 30 नवंबर तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है । इसी के अंतर्गत दिनांक 13 और 14 नवंबर तथा 27 और 28 नवंबर को मतदान केंद्रों पर स्पेशल कैंप लगाए जा रहे हैं। यह जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सौजन्या ने बताया कि जो लोग 1 जनवरी 2022 या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं , वह 1 से 30 नवंबर तक मतदाता सूची में अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं । इसी के साथ पहले से वोटर लिस्ट में दर्ज मतदाता मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें । किसी भी नागरिक के पास वोटर कार्ड होना ही पर्याप्त नहीं है उनका नाम वोटरलिस्ट मे भी होना बहुत जरूरी है। इसलिए वोटरलिस्ट मे अपना नाम अवश्य चेक कर ले। मतदाता सूची कार्य के लिए ऑनलाइन www.nvsp.in और voterportal eci.gov.in भी है। नागरिक अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में पंजीकरण करा सकते हैं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।